होटल डेवल्पर्स और रियल स्टेट बिल्डर्स के साथ बैठक करते पर्यटन सचिव।



# हमारा दून

## एमडीडीए के नोटिसों के विरोध में व्यापारियों ने रखी दुकाने बंद, किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। एमडीडीए की ओर से भेजे नोटिसों के विरोध में जनरल महादेव सिंह रोड व्यापार मंडल ने दोपहर एक बजे तक दुकानें बंद रखकर विरोध किया। आक्रोशित व्यापारियों बल्लूपुर से जनरल महादेव सिंह रोड पर रैली निकाली। प्रतिष्ठान बंद करने के बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष विजेंद्र कुमार थपलियाल के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी बल्लूपुर चौक पर एकत्र हुए। इस दौरान नारेबाजी करते हुए यहां से जीएमएस रोड तक लैली निकाली। व्यापारियों ने एमडीडीए के मनमाने नियमों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि एमडीडीए हाई कोर्ट का भय दिखाकर 31 दिसंबर तक वन टाइम स्कीम के अंतर्गत नक्शे कंपाउंड कराने की बात कर रहा है। ज्यादातर मामले ऐसे हैं, जिनमें साइड बैक और रोड चौड़ीकरण में पूरी दुकान ही समाप्त हो जा रही है। गुस्साए व्यापारियों ने एमडीडीए से नोटिस वापस लेने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि एमडीडीए ने उचित कार्रवाई नहीं की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान संजय मिश्रा, ठाकुर शत्तिफ सिंह पुंडीर, लाल सिंह, अंकित अग्रवाल आदि मौजूद थे। दूसरी तरफ, जाखन, मालसी व कुठालगेट क्षेत्र के कारोबारियों ने धरना जारी रखते हुए कंपाउंडिंग नियमों में अतिरिक्त छूट देने की मांग उठाई।

# मतगणना के दौरान विशेष सर्तकता बरतने के दिए निर्देश

**बैठक**

डीजीपी ने ली सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

मतदान शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए समस्त जनपद प्रभारियों को बधाई दी

**संवाददाता**

देहरादून। पुलिस महानिदेशक अनिल के.रतूड़ी की अध्यक्षता में जनपद प्रभारियों एवं परिक्षेत्र प्रभारियों के साथ पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, साक्षी संरक्षण योजना, आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।



डीजीपी समीक्षा बैठक लेते हुए।

रतूड़ी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए समस्त जनपद प्रभारियों को बधाई दी। साथ ही मतगणना हेतु विशेष सर्तकता बरतने हेतु निर्देशित किया। साईबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल के सम्बन्ध में सभी जनपद प्रभारियों को निर्देशित करते हुए उन्होने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों का अवलोकन कर इस व्यवस्था को समझे और पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारित कर लें।

अशोक कुमार, महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड ने कहा कि साईबर क्राईम में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है परन्तु थाना स्तर पर इनका पंजीकरण नहीं हो रहा है। साईबर क्राईम से सम्बन्धित शिकायतों को गम्भीरता से लें। समस्त जनपद प्रभारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों को पंजीकृत किया जाये और इसके लिए व्यवस्था बनाई जाए।

प्रदेश के समस्त जनपदों में साईबर सेल स्थापित किये गये हैं। उसमें नियुक्त प्रभारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करें, जो समस्त थानों से समन्वय स्थापित कर साईबर क्राईम से सम्बन्धित सभी शिकायतों का निस्तारण कर जहां जरुरी हो मुकदमें पंजीकृत कराये। साथ ही समस्त जनपद प्रभारी इसकी मासिक समीक्षा भी करें।

आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने तथा टपेपइपसपजल बढ़ाने एवं संवेदनशील, भीड़ भाड़ वाले स्थानों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशनों पर श्वान दल एवं बम निरोधक दस्ते की सहायता से सघन चौकिंग की जाये।

अयोध्या प्रकरण के दृष्टिगत साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर सर्तक दृष्टि रखने एवं विशेष सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया। सोशल मीडिया पर अफवाहों को किसी भी दशा में ना फैलने दिया जाये, सोशल मीडिया पर निरन्तर निगरानी रखी जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन ने गुलदार को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**संवाददाता** देहरादून। रामनगर शहर के एनएच 121 पर एक गुलदार की खून से सनी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार हाईवे के बीचो–बीच खून से लथपथ हालत में गुलदाल का शव मिला है। इस घटना के बाद से वन विभाग में खलबली मच गई है। टांडा के पास इस गुलदार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला तराई–पश्चिमी वन प्रभाग का है।

### 21 अक्टूबर को मतगणन दिवस पर बंद रहेगी मदिरा की दुकानें

**संवाददाता** देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की मतगणना कार्य को शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सी रविशंकर ने मतगणना दिवस 21 अक्टूबर को जनपद के समस्त विकासखण्डों (नगरीय क्षेत्रों को छोड़कर) में मदिरा की दुकानें एवं कैंटीनों को बन्द रखने के आदेश दिये है। उन्होंने सम्बन्धित आबकारी निरीक्षकों को अपने–अपने क्षेत्रों की समस्त मदिरा अनुज्ञापनों को मतदान एवं मतगणना दिवसो पर पूर्णतया शील बन्द करते हुए प्रभावी प्रवर्तन अभियान चौकिंग कार्य कराने के निर्देश दिये।

### होम स्टे प्रशिक्षण कार्यशाला दून व अल्मोड़ा में

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश की होम स्टे संचालन से जुड़ी महिला उद्यमियों को आय का अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग राज्य महिला आयोग के सहयोग से पर्यटकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने वाली अन्तर्राष्ट्रीय संस्था के साथ समन्वय स्थापित कर देहरादून तथा अल्मोड़ा में एक कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यशाला में महिला होम स्टे संचालकों को पंजीकृत किया जायेगा।

# गोर्खा दशैं–दीपावली महोत्सव शुरू

**आगाज**

■ रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ दशैं का आगाज

देहरादून। **संवाददाता**

वीर गोर्खा कल्याण समिति द्वारा गोर्खा दशैं–दीपावली महोत्सव तीन दिवसीय मेला महेन्द्र ग्राउन्ड गढ़ी कैन्ट, देहरादून में शुरू हुआ। यह मेला 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलेगा। गोर्खा दशैं–दीपावली महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि मा0 सुनील उनियाल गामा, मेयर देहरादून व मा0 गणेश जोशी, विधायक, मसूरी विधान सभा का स्वागत वीर गोर्खा कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रमों का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथियों में सारिका प्रधान, पूर्व राज्यमंत्री, पदम सिंह थापा, अध्यक्ष, गोर्खाली सुधार सभा, नीरज बंशल चौयरमेन सहनसाही फार्म एवं रिसोर्ट, डॉ. विजय नेगी एचओडी, ह्युमनटियराईज डीआईटी यूनिवर्सिटी देहरादून, टीना सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रंजीत धामी, वरिष्ठ समाज सेवक ने शिरकत की। इससे पूर्व गोर्खा दशैं–दीपावली महोत्सव मेले का उद्घाटन शुक्रवार को वीर गोर्खा कल्याण समिति के मुख्य संरक्षक ले0 जनरल राम सिंह प्रधान ने विधि विधान के साथ किया। ले. जनरल राम सिंह प्रधान ने मेले के लिए वीर गोर्खा कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।


गोर्खा दशैं–दीपावली महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते मेयर।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई, जिसकी प्रस्तुति वैभवी नृत्य केन्द्र द्वारा दी गयी। तीन दिवसीय गोर्खा दशैं–दीपावली महोत्सव में खाने में गोर्खाली स्वादिष्ट व्यंजन, विभिन्न प्रकार के अनेक स्टॉलों में प्रदर्शनी, गोर्खाली पारम्परिक वेष–भूषा एवं परिधानों की प्रदर्शनी, बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल सामग्री के साथ झूले, सरकारी विभागों के स्टॉल आदि मौजूद हैं।

## आन्दोलनरत छात्रों को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दिया समर्थन

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने परेड ग्राउण्ड पहुंचकर आयुर्वेद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी आयुष शिक्षा कॉलेजों के आन्दोलनरत छात्रों से मुलाकात कर उनके आन्दोलन को अपना समर्थन दिया। प्रीतम सिंह ने कहा कि निजी आयुष शिक्षा कॉलेजों की मनमानी के खिलाफ आन्दोलनरत छात्रों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए कहा कि निजी आयुष शिक्षा कॉलेजों द्वारा हठधर्मिता अपनाते हुए माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की भी अवहेलना की जा रही है तथा राज्य सरकार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय की डबल बैंच के आदेशों का पालन नहीं कराया जा रहा है। नियमों के विरूद्ध छात्रों पर बढ़ा हुआ शुल्क जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

## एम्स प्रशासन के साथ आपदा प्रबंधन के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। निदेशक एम्स प्रोफेसर रविकांत और आईआरएस विशेषज्ञ राज्य आपदा प्रबंधन बीबी गणनायक की संयुक्त अध्यक्षता में सेना, आइटीबीपी, बीएसएफ, केंद्रीय तथा राज्य के विभिन्न विभागों और एजेंसियों सहित एम्स के प्रशासन के साथ आपदा प्रबंधन के संबंध में समन्वय बैठक ऋषिकेश एम्स सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बीबी गणनायक द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदा से संभावित क्षति और उस स्थिति में एम्स द्वारा घायलों को त्वरित सभी प्रकार की आपातकालीन चिकित्सा सुविधा देने की क्षमता को पूछा। इस दौरान उपस्थित विभिन्न विभागों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने बहुत से महत्वपूर्ण सुझाव सामने रखें।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।